# शीतकालीन अवकाश गृहकार्य

**कक्षा 6-8**



# कक्षा 6 - 8

## Community Service (सामुदायिक सेवा)

पाँच लोगों को शिक्षित कीजिए

- 2 सदस्य परिवार के हो सकते हैं; कम से कम 3 आस-पास के अर्थात आपके परिवार से अलग हों
- प्रत्येक छात्र/छात्रा अपने द्वारा चुने हुए सदस्यों को हिंदी वर्णमाला (स्वर अ से अः तथा व्यंजन क से ह तक), English alphabets - A To Z तथा अंक ज्ञान 1 - 100 तक पढ़ना व लिखना सिखाएंगे
- प्रत्येक छात्र/छात्रा उपरोक्त सभी सदस्यों को उनके हस्ताक्षर करना सिखाएंगे

## Science (विज्ञान)

### करके सीखो

(Herbarium file) सूखी वनस्पतियों का संग्रह एक फाइल में

- एक ड्राइंग फाइल लीजिये और उसमे विभिन प्रकार के छोटे-मोटे पौधों को सुखाकर उनका नाम लिखिए।
- विभिन्न खाद्य पदार्थो के नमूने एकत्र कर उनको पोषक तत्वों के आधार पर (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन्स एवं खनिज लवण) वर्गीकृत कीजिए।

**बीजों का अंकुरण**

सामग्री: गेहूँ, मक्का, मूँग, चना

विधि: उपरोक्त सामाग्री को प्लास्टिक के ग्लास में 1-1 दाना सभी का लगाकर उसमें रुई से ढक कर रुई को पानी से नम करें। 2-3 दिन बाद अंकुरण देखें और उस अंकुरित बीज के अंकुरित भाग को scale से 1 सप्ताह तक नाप कर (उसकी लम्बाई माप कर)/ रीडिंग नोट करें और प्रतिदिन होने वाली अंकुरण वृद्धि को एक सारणी बनाकर नोट करें।

**कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्पादन**

सामग्री: सिरका, खाने का सोडा, गुब्बारा

विधि: एक गुब्बारे में खाने का सोडा लेकर उसमे सिरका मिलाये और उत्पन्न होने वाली $CO_2$ का वज़न करें। यहाँ खाने का सोडा व सिरके की मात्रा हर बार अलग-अलग लेकर $CO_2$ के उत्पादन को वजन कर एक सारणी बनाकर नोट करें

इंडीकेटर द्वारा जाँचना

सामग्री: हल्दी, साबुन, ब्लोटिंग पेपर/ स्याही सोखता

विधि: हल्दी का पेस्ट बनाकर ब्लोटिंग पेपर पर लगा लें और पेपर की पट्टियाँ काट लें और सुखा लें। एक पट्टी को नींबू के रस में डुबोकर ब्लोटिंग पेपर के रंग को नोट करें। इस प्रकार अलग-अलग ब्लोटिंग पेपर लेकर अलग-अलग पदार्थों को द्रव में घोलकर जाँच करें और सारणी बनाकर उन्हें नोट करें।

ऊष्मा का संचरण

सामग्री: मोम, छोटी कील, मोमबती, तार

विधि: तार पर कीलों को मोम के द्वारा कुछ दूरी पर लगायें, फिर तार के एक किनारे को गर्म करें। पहली कील, दूसरी, तीसरी कील के गिरने के समय को एक सारणी बनाकर नोट करें।

परिपथ

सामग्री: बैटरी, कार्डबोर्ड, तार (मोटा व पतला) LED bulb

विधि: एक कार्डबोर्ड पर बैटरी, बल्ब, तार को व्यवस्थित करें फिर बारी- बारी से अलग-अलग धातु व अधातु को लाकर LED के जलने व न जलने को एक सारणी बनाकर नोट करें। इस प्रकार धातु व अधातु को अलग-अलग सारणी में नोट करें।

## सामाजिक विषय

- मातृभूमि को आज़ाद करने में मुख्य भूमिका निभाने वाले किन्हीं 3 बलिदानियों की जीवनी लिखें व याद करें।
- (छात्राओं-Girls के लिए): क्या आपको लगता है कि आपको बेटी ना होकर, बेटे की तरह पैदा होना चाहिए था? यदि हाँ तो क्यों? यदि ना तो क्यों?
- (छात्र-Boys के लिए): क्या आपको लगता है कि आपको बेटा ना होकर, बेटी की तरह पैदा होना चाहिए था? यदि हाँ तो क्यों? यदि ना तो क्यों?

## खेल

अपने पसंदीदा खेल से संबंधित जानकारी इकट्ठा कर अपनी कॉपी में लिखें।

(खिलाड़ियों की संख्या, खेल के मैदान की ल॰ चौ॰ आदि, खेल के नियम, उत्पति देश-country of origin, भारत में किस प्रदेश में खेला जाता है)

उस खेल को खेलने वाले किसी एक खिलाड़ी के बारे में - कहाँ जन्मा, कैसे खेल में रुचि जागृत हुई, क्या रूकावटें आई, कैसे सफलता प्राप्त हुई आदि पर तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए - सभी तथ्यों को अपनी कॉपी में लिखिए। लिखने के उपरांत उसे समझ कर भावपूर्ण वाचन अथवा प्रस्तुति करें। (जैसे- उसे दुःख हुआ तो आपकी आवाज में वो दुःख झलके)

## सामान्य ज्ञान

- अपने घरवालों के मोबाइल नम्बर व आधार नम्बर अपनी कॉपी में लिखकर याद करें।
- ताजे अखबार से पढ़कर या रोज़ाना टेलीविज़न से देखकर - कम से कम 5 खबरें अपनी कॉपियों में लिखें

(शिक्षक- शिक्षिका बच्चो को अख़बार पढ़ने तथा TV में समाचार सुनने के लिए प्रेरित करें)

## हिन्दी

- अपनी पाठ्य पुस्तिका से किन्हीं 2 कहानियों को याद कर भाव पूर्ण सुनाने का अभ्यास करें।
- 26 जनवरी के लिए 1 देशभक्ति गीत याद कर सुनाने व देशभक्ति गाने पर नृत्य का अभ्यास करें।

## क्राफ्ट

- Puppet मेकिंग - 2 puppets
- Crown (कागज़ से मुकुट) मेकिंग- मोतियों की सहायता से
- Best out of waste - pen या pencil holder, wall hanging, photo frame, पायदान, कपड़े या मोतियों की सहायता से पुराणी चूड़ियों से कोई क्राफ्ट बनाएँ
- Clay - चिकनी मिटटी की सहायता से भारत के दो नक्शे बनाएं (एक पर 5 नदियाँ और 2 पर्वत श्रृंखला तथा दूसरे पर विभिन्न प्रदेश दर्शाओ)

## गणित

- पेपर फोल्डिंग द्वारा घनाकार व घनाभ के आकार के डिब्बे बनाइए।
- अपने घर के प्रत्येक कमरे की लम्बाई व चौड़ाई नाप, कमरे का क्षेत्रफल ज्ञात करें।
- मेरे पापा छुट्टियों में आए सभी बच्चों के लिए जलेबी लाए हैं, सभी को 55 ग्राम जलेबी खाने के लिए दी गई। घर में 65 बच्चे थे, तो पापा कुल कितनी जलेबी लाए।
- प्रयोग में ना आने वाले कागज से एक जोकर की आकृति बनाएं, जिसमें त्रिभुज वृत, आयत वर्ग आदि आकृति का प्रयोग किया गया हो।

- अपने आसपास के वातावरण में 5 वस्तुओं को लीजिए लिखे कि किस प्रकार के कोण बन रहे हैं

| वस्तु का नाम | कोण |
|---|---|
| 1- ................... | .......... |
| 2- ................... | .......... |
| 3- ................... | .......... |
| 4- ................... | .......... |
| 5- ................... | .......... |

- प्रयोग में ना आने वाले कागज से 5 त्रिभुज काटें व प्रत्येक कोण को नापें तथा त्रिभुज का प्रकार बताएं।
- एक सप्ताह तक प्रतिदिन नोट करें कि आपने कितने घंटे पढ़ाई की । निम्न प्रश्नों के उत्तर दें-

  1-अब दिन और घंटों में बार ग्राफ द्वारा पढ़ाई में दिए गए समय को चित्रित करें।

  2-किस दिन आपने सबसे ज्यादा पढ़ाई की।

  3-किस दिन आपने सबसे कम पढ़ाई की।
- 5 समतल व 5 वक्राकार वस्तु के नाम लिखें और चित्र बनाएं

### कक्षा 8 के लिए खास कार्य

POCSO पोक्सो एक्ट के विषय में जानकारी एकत्र करें और कॉपी में लिखें

## सुलेख

हिंदी व अंग्रेज़ी की पुस्तक के पाठ (कविता नहीं) पढ़ें व अपनी कॉपी में सुन्दर लिखावट से 2 पन्ने रोज़ लिखिए। (यह कार्य आपको बिना लाइन - पंक्ति छोड़े करना है। )